स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

फा.स : भाखेप्रा/नराकास/3085/2025- 26/311—395

दिनांक : 21.08.2025

सेवा में,

**समस्त कार्यालय प्रमुख**
**नराकास दक्षिण दिल्ली – 2**
**दिल्ली**

**विषय : राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह के आयोजन में होने वाले व्यय के निपटान के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय के संबंध में, इस कार्यालय के पत्र संख्या - भाखेप्रा/रा.भा/3085/2025-26/94 दिनांक 01.05.2025 का संदर्भ ग्रहण करें जिसमें राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार दिनांक 26 जून, 2025 को राजभाषा विभाग की स्थापना को 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में भारत मंडपम, नई दिल्ली "राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह" का आयोजन किया जाना था। इस सम्मेलन के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय स्तर पर खेल-कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी थी।

पत्र द्वारा इन प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, वॉलीवॉल, शतरंज के साथ-साथ वॉकैथलोन (लोधी गार्डन से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम) प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किए जाने का अनुरोध किया गया था । खेल आयोजन से संबंधित सम्पूर्ण व्यवस्था भारतीय खेल प्राधिकरण को सौंपी गई थी जिसे सदस्य कार्यालयों के सहयोग से पूरा किया जाना था।

यहाँ यह भी उलेखनीय है कि पत्र दिनांक 01.05.2025 के तहत इस कार्य हेतु होने वाले व्यय को नराकास दक्षिण दिल्ली – 2 के तहत आने वाले 85 कार्यालयों में बराबर-बराबर वहन किया जाना था। इस संबंध में, सभी को सूचित किया जाता है कि इन खेल प्रतियोगिताओं में भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा कुल राशि **13,25,623/- रुपये** मात्र का व्यय किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है : -

जारी.......

| क्र.सं | विवरण | मात्रा | दर | कुल | फर्म का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | टी-शर्ट की खरीद | 1150 | 378/- | 434700/- | मुख्तार फैशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | टोपी की खरीद | 390 | 124 | 48360/- | |
| 3. | टोपी की खरीद | 370 | 124 | 45880/- | |
| 4. | टोपी की खरीद | 390 | 124 | 48750/- | |
| 5. | बैज की खरीद | 1170 | 18 | 20700/- | मेसर्स यू.एस. एंटरप्राइजेज |
| 6 | ट्रॉफी की खरीद | 03 | 2000/- | 6000/- | मेसर्स स्पोर्ट सन |
| 7. | ट्रॉफी की खरीद | 03 | 3000/- | 9000/- | |
| 8. | पदक की खरीद | 100 | 200/- | 20000/- | |
| 9. | ट्राउजर की खरीद | 100 | 450/- | 45000/- | मुख्तार फैशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | ट्रैक-सूट की खरीद (XL) | 40 | 989/- | 39560/- | |
| 11 | ट्रैक-सूट की खरीद (M) | 40 | 991.50 | 39660/- | |
| 12 | ट्रैक-सूट की खरीद (L) | 40 | 992.50 | 39700/- | |
| 13 | टी-शर्ट की खरीद (M) | 120 | 377/- | 45240/- | |
| 14 | टी-शर्ट की खरीद (L) | 100 | 378/- | 37800/- | |
| 15 | कैप की खरीद | 120 | 105/- | 12600/- | मेसर्स यूज़ स्पोर्ट्स इंडस्ट्रीज |
| 16 | स्पोर्ट्स रिस्ट बैंड की खरीद | 120 | 52.50 | 6300/- | |
| 17 | इलेक्ट्रॉनिक की आपूर्ति | 300 | 25+GST | 7875/- | मेसर्स डेलिज़ियोसो फ़ूड्स |
| 18 | हाई-टी, रिफ्रेशमेंट और वाटर बॉक्स | | | 73796/- | |
| 19 | जेएलएन में स्टेज और कुर्सी | | | 49560/- | मेसर्स स्टेज एंड डिज़ाइन |
| 20 | खानपान सेवाएँ | | | 143285/- | मेसर्स नवी हरीश हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड |
| 21 | एमडीसीएनएस में स्टेज और डिज़ाइन | | | 22420/- | मेसर्स स्टेज एंड डिज़ाइन |
| 22 | स्टेज बैकड्रॉप बोर्ड | | | 36226/- | मेसर्स सनी आर्ट्स, नई दिल्ली |
| 23 | स्वागत बोर्ड | | | 28320/- | मेसर्स सनी आर्ट्स, नई दिल्ली |
| 24 | दवाइयों इत्यादि पर व्यय | | | 12893/- | |
| 25 | क्रिकेट प्रतियोगिता में<br>एमपायर<br>स्कूनर<br>ट्रॉफिस<br>बैग (लाइम पाउडर) | 02<br>01<br>-<br>01 | 40,000/-<br><br>8,650/-<br>240/- | 48,890/- | एसडी स्पोर्ट्स<br>और<br>एमडीई सोनी ग्रुप |
| 26 | टेनिस बॉल (बॉक्स) | 06 | 462.50 | 3108/- | एमडीसीएनएस द्वारा बजाज एण्ड कंपनी से |
| | **कुल** | | | **13,25,623/-** | |

जारी.........

उपरोक्त किए गए व्यय के अनुसार प्रत्येक कार्यालय के हिस्से में **15,596/- रुपये** मात्र की राशि आएगी । तदनुसार, प्रत्येक कार्यालय द्वारा इस राशि का भुगतान भारतीय खेल प्राधिकरण, मुख्य कार्यालय के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निम्न खाते में किया जाएगा : -

बैंक का नाम – यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
खाता संख्या – 108510011000101
आई.एफ.एस.सी कोड – UBIN0810851

अतः सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों से अनुरोध है कि रुपये **15,596/-** मात्र की राशि का भुगतान दिनांक 30.08.2025 तक भारतीय खेल प्राधिकरण के उक्त दर्शाए गए खाते में करवाने की कृपा करें।

**इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।**

गी पाराशर
21/8/25
**(डॉ. गीता पाराशर)**
**निदेशक/प्रभारी (राजभाषा)**

प्रतिलिपि : -

1. महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण के उपनिदेशक
2. सचिव, भारतीय खेल प्राधिकरण के अनुभाग अधिकारी
3. प्रशासक, मेजर ध्यान चंद स्टेडियम
4. उपनिदेशक, सामान्य प्रशासन प्रभाग
5. सहायक निदेशक, राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र, आई. जी स्टेडियम
6. मास्टर फाइल